संस्थापक : "कांतिलाल चौथाणी" तथा "जमाल शाह" राज्य की ओर से प्रजामण्डल की गतिविधियों का विरोध नहीं किया गया ।

13. सिरोही प्रजामण्डल

संस्थापक

(1) वृद्धि शंकर त्रिवेदी

(2) बॉम्बे में "गोकुल भाई भट्ट" ने स्थापना की (राजस्थान का गांधी)

14. कुशलगढ प्रजामण्डल (अप्रैल 1942)

संस्थापक : भँवरलाल निगम

15. बांसवाडा प्रजामण्डल : (1943)

- भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी
- मणिशंकर नागर
- धूलजी भाई भावसार
- "भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी" बॉम्बे से "संग्राम" नामक समाचार पत्र निकालते थे ।
- "विजय बहिन भावसार" (धूलजी भाई की पत्नी) ने "महिला मण्डल" की स्थापना की ।

16. डूंगरपुर प्रजामण्डल

स्थापना : 1 अगस्त 1944

संस्थापक :

1. भोगीलाल पाण्ड्या - वागड का गाँधी
2. गौरी शंकर उपाध्याय का समाचार पत्र "सेवक"

रास्तापाल घटना - 19 जून, 1947

- अध्यापक "नानाभाई" व "भील बालिका कालीबाई" शहीद हो गये थे । डूंगरपुर में गेपसागर तालाब के पास इन दोनों की मूर्ति है ।
- बालिका शिक्षा के क्षेत्र में "कालीबाई पुरस्कार" दिया जाता है ।
- एक अन्य अध्यापक "सेगा भाई" (नानाभाई के भाई) घायल हो गये थे ।

पूनावाडा काण्ड

स्कूल बन्द करवाने गये रियासत के सैनिकों से अध्यापक "शिवराम भील" की पिटाई कर दी थी ।

प्रयाग सभा : डूँगरपुर प्रजामण्डल ने आयोजन किया था (जागरूकता के लिए)

17. डूँगरलमेर प्रजामण्डल

- स्थापना : "मीठालाल व्यास" ने जोधपुर में "सागरमल गोपा"
- रघुनाथ सिंह ने माहेश्वरी नवयुवक मण्डल की स्थापना की ।

18. प्रतापगढ प्रजामण्डल (1945)

- अमृतलाल पायक
- चुन्नी लाल प्रभाकर
- ठक्कर बापा

19. झालावाड प्रजामण्डल (25 नवम्बर 1946)

- संस्थापक : मांगीलाल भव्य
- "राजा हरीशचन्द्र" के नेतृत्व में "उत्तरदायी सरकार" की स्थापना की ।

राजस्थान का एकीकरण

- 18 जुलाई 1947 को "भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम" पारित हुआ "धारा-8" के तहत अंग्रेजो की देशी रियासतों के साथ संधिया समाप्त कर दी गई ।
- (यह प्लान 3 जून को आ गया था लेकिन 18 जुलाई को संसद में पास हुआ)
- "5 जुलाई 1947" को "रियासती विभाग" की स्थापना की गई । जिसके "अध्यक्ष वल्लभ भाई पटेल" व "सचिव वी.पी. मेनन" थे ।
- इस विभाग ने घोषणा कि "10 लाख से अधिक" जनसंख्या तथा "1 करोड आय" वाली रियासतें आजाद रह सकती है ।
- इस समय राजस्थान में ऐसी केवल 4 रियासतें थी ।
  1. मेवाड
  2. मारवाड
  3. जयपुर
  4. बीकानेर
- आजादी के समय राजस्थान में "19 रियासते 3 ठिकाने व 1 केन्द्र शासित प्रदेश" था ।

  3 ठिकाने
  1. लावा (टोंक से अलग)
  2. नीमराणा (अलवर से अलग)
  3. कुशलगढ (बांसवाडा से अलग किया)

  1 केन्द्र शासित प्रदेश - अजमेर - मेरवाडा
- इन सभी को मिलाकर 7 चरणों में राजस्थान का एकीकरण हुआ था ।

- राजस्थान के एकीकरण का सबसे पहले प्रयास "गवर्नर जनरल लिननिथगों" ने किया था ।
- मेवाड महाराणा "भूपाल सिंह" ने राजस्थान, मालवा व सौराष्ट्र की रियासतों को मिलाकर "राजस्थान यूनियन" बनाने का प्रयास किया तथा इसके लिए 25 जून – 26 जून 1946 को "उदयपुर" में सम्मेलन किया ।
- बीकानेर महाराजा शार्दुल सिंह (गंगासिंह का बेटा) ने सबसे पहले 7 अगस्त 1947 संविधान सभा में शामिल होने की घोषणा की थी ।

प्रथम चरण :18 मार्च 1948

मत्स्य संघ : नामकरण "के. एम. मुँशी'
पी.एम. :– "शोभाराम कुमावत"

धौलपुर	करौली	अलवर	भरतपुर	नीमराणा ठिकाना
↓	↓	↓	↓	
उदयभानसिंह (राजप्रमुख)	गणेशपाल (उप राजप्रमुख)	राजधानी	उद्घाटन (18 मार्च 1948)	

राजप्रमुख : उदयभानसिंह

- प्रधानमंत्री : शोभाराम कुमावत (अलवर)
- उपप्रधानमंत्री – डुंगल किशोर चतुर्वेदी
- मुख्य अतिथि – एन वी गाडगील
- "अलवर" व "भरतपुर" रियासत का नियंत्रण भारत सरकार ने अपने पास पहले ही ले लिया था । (क्योंकि अलवर का राजा गांधीजी की हत्या में दिल्ली में नजरबंद था तथा भरतपुर का राजा छोटा था उस में)

दूसरा चरण: राजस्थान संघ/पूर्व राजस्थान

पी.एम. : गोकुल लाल असावा (25 मार्च 1948)
(9 रियासत और 1 ठिकाना)

1. कोटा – भीमसिंह – राजप्रमुख राजधानी + उद्घाटन 25 मार्च 1948
   एन.वी. गाडविल
2. बून्दी – बहादुर सिंह – वरिष्ट उपराज प्रमुख
3. झालावाड
4. डूंगरपुर – लक्ष्मण सिंह कनिष्ठ उपराजप्रमुख
5. बाँसवाडा
6. प्रतापगढ
7. कुशलगढ (ठिकाना)
8. टोंक
9. किशनगढ
10. शाहपुरा

- "टोंक" राजस्थान की "एकमात्र मुस्लिम रियासत" थी ।
- "किशनगढ" व "शाहपुरा" रियासतों को तोपो की सलामी नहीं दी जाती थी (छोटी होने के कारण)
- शाहपुरा व किशनगढ रियासतों ने अजमेर मेरवाडा से मिलने से मना कर दिया ।
- "बांसवाडा" के महरावल "चन्द्रवीर सिंह" ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते हुये कहा था कि–
  "मैं अपने डैथ वारन्ट पर हस्ताक्षर कर रहा हूँ ।"

तीसरा चरण : संयुक्त राजस्थान (राजस्थान संघ + मेवाड)

- पी.एम : माणिक्य लाल वर्मा 18 अप्रैल, 1948 (उदयपुर)
- राजप्रमुख : "भूपालसिंह (मेवाड)"
- वरिष्ठ उपराजप्रमुख : भीमसिंह (कोटा)
- कनिष्ठ उपराजप्रमुख : बहादुर सिंह (बून्दी)
  लक्ष्मणसिंह (डूँगरपुर)
- राजधानी : उदयपुर
- उद्घाटन : उदयपुर (जवाहर लाल नेहरू) 18 अप्रैल 1948
- प्रधानमंत्री : माणिक्य लाल वर्मा
- उपप्रधानमंत्री : गोकुल लाल असावा
- विधानसभा का एक अधिवेशन प्रतिवर्ष कोटा में होगा तथा कोटा के विकास के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे ।
- "भूपाल सिंह" को 20 लाख प्रीवी पर्स दिया गया
- औपचारिक प्रीवी पर्स 10 लाख :– राजप्रमुख के वेतन के धार्मिक अनुदान के रूप में 5 लाख रूप में 5 लाख प्रीवी पर्स: राजाओं को दी जाने वाली पेंशन (विलय के बाद)

चौथा चरण : वृहत् राजस्थान (30 मार्च, 1949)

प्रधानमंत्री :–हीरालाल शास्त्री (जयपुर)

राम मनोहर लोहिया ने राजस्थान आन्दोलन समिति का गठन किया । तथा मांग की शेष बची रियासतों का जल्द से जल्द राजस्थान में विलय किया जायें ।

- संयुक्त राजस्थान + जयपुर + जोधपुर + बीकानेर + जैसलमेर = वृहत् राजस्थान
- "30 मार्च 1949" में "वल्लभ भाई पटेल" ने जयपुर में उद्घाटन किया ।

- इसलिए 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है ।

महाराजप्रमुखः	–	"भूपाल सिंह" (मेवाड)
राजप्रमुखः	–	सवाई मानसिंह द्वितीय (जयपुर)
वरिष्ठ उपराजप्रमुखः	–	हनवन्त सिंह (जोधपुर) भीमसिंह (कोटा)
कनिष्ठ उपराजप्रमुख	–	बहादुर सिंह (बूंदी) लक्ष्मणसिंह (डूँगरपुर)

प्रीवी पर्सः
जयपुर – 18 लाख
जोधपुर – 17.50 लाख

- राजधानी के लिए जयपुर व जोधपुर 2 विकल्प थे अतः इसके समाधान के लिए वल्लभ भाई पटेल ने एक समिति बनाई तथा इस समिति ने जयपुर को राजधानी बनाने की सिफारिश की ।

समिति के सदस्य

- वी.आर.पटेल
- एच.सी.पूरी (लेट कर्नल)
- एच.पी. सिन्ह
- हाइकोर्ट : जोधपुर
- शिक्षा विभाग : बीकानेर
- खनिज विभाग : उदयपुर
- वन और सहकारी विभाग : कोटा
- कृषि विभाग : भरतपुर
- "लावा" ठिकाने को "19 जुलाई 1948" को जयपुर में शामिल किया गया था ।

पाँचवा चरण : संयुक्त वृहत् राजस्थान

"शंकर राव देव समिति" की सिफारिशों के आधार पर 15 मई 1949 को "मत्स्य संघ" का वृहत् राजस्थान में विलय कर दिया गया ।
प्रधानमंत्री – हीरालाल शास्त्री
राजप्रमुख – सवाई मानसिंह (जयपुर)

समिति के अन्य सदस्य

- आर.के सिद्धवा,
- प्रभुदयाल
- शोभाराम कुमावत को शास्त्री मंत्रीमण्डल में शामिल कर लिया गया ।

छठा चरण (राजस्थान संघ)

- आबू व देलवाडा सहित 89 गाँव गुजरात में मिलाये गए तथा शेष सिरोही राजस्थान में मिला दिया गया इसमें गोकुल भाई भट्ट का गाँव हाथल भी शामिल था ।
- यह विलय – 26 जनवरी 1950 को किया गया तथा हमारे प्रदेश का नाम राजस्थान कर दिया ।
- इस अनुचित विलय पर पटेल का जवाब था "राजस्थान वालों को गोकुल भाई भट्ट चाहिए था वो हमने दे दिया ।"
- हीरालाल शास्त्री को राजस्थान का प्रथम मनोनित मुख्यमंत्री बनाया गया ।
  मनोनित मुख्यमंत्री – हीरालाल शास्त्री जायनारायण व्यास सी.एस. वेंकटाचारी (आई.सी.एस)

निर्वाचित मुख्यमंत्री

1. टीकाराम पालीवाल प्रथम – बाद में उपमुख्यमंत्री बनें ।
2. जायनारायण व्यास
3. मोहन लाल सुखाडिया – राजस्थान के सबसे युवा सी.एम, राजस्थान के सर्वाधिक समय रहने वाले सी. एम.
4. सबसे कम समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री – हीरालाल देवपुरा (16 दिन बाद में मंत्री बनाया गया)
5. पहले चुनाव (1951-52) में कांग्रेस के बाद सर्वाधिक सीटें रामराज्य परिषद को मिली थी ।

सातवाँ चरण : (वर्तमान राजस्थान)
(1 नवम्बर, 1956)

फजल अली की अध्यक्षता में राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया गया ।
इसमें 3 सदस्य थें ।

- फजल अली
- हृदय नाथ कुंजः
- के.एम. पणिक्कर (बीकानेर से संविधान सभा में भेजे गये थे ।)

इस आयोग की सिफारिशों के आधार पर

1. आबू, देलवाडा का राजस्थान में विलय किया गया ।
2. अजमेर – मेरवाडा का राजस्थान में विलय किया गया ।
3. एम.पी. का सुनेल टप्पा राजस्थान में मिलाया गया ।
4. राजस्थान का सिरोज एम.पी को दिया गया था ।

सिन्धियों के त्यौहार

चेटीचण्ड/झूलेलाल जयन्ती (झूलेलाल को वरूण का अवतार मना जाता है)	चैत्र शुक्ल
थदडी सातमः	भाद्रपद कृष्ण सप्तमी

ईसाईयों के त्यौहार

गुड फ्राइडे : इस दिन ईसा मसीह को फांसी पर चढाया गया था ।

गुड फ्राइडे :- ईस्टर से ठीक पहला फ्राइडे होता है ।

ईस्टर : इस दिन ईसा मसीह पुर्नजीवित हुये थे । यह रविवार का दिन था । 2 मार्च से 22 अप्रैल के बीच जो पूर्णिमा आती है उसके ठीक बाद वाला रविवार, ईस्टर होता है ।

असंन्शन डे : ईस्टर के 40 दिन बाद आता है । इस दिन ईसा मसीह वापस स्वर्गलोक चले गये थें ।

राजस्थान के लोक देवता

पाबू हडबू रामदे, मांगलिया मेहा ।
पाँचू पीर पधारज्यों, गोगाजी जेहा ॥
पाबू हडबू रामदेवजी, मेहाजी, गोगाजी : ये 5 पीर हैं । जिन्हे हिन्दु व मुसलमानों दोनों मानते हैं ।

1. पाबूजीः (पाबूजी राठौड)

जन्म स्थान : 1239 ई. कोलूमण्ड (जोधपुर)
पिता : धाँधल
माता : कमला दे
पत्नी : फूलमदे/सुप्यार दे (अमरकोट की राजकुमारी)
पाबूजी की घोडी : ''केसर कालमी'
मंदिर : कोलूमंड (जोधपुर)
प्रमुख वाद्ययंत्र : रावणहत्था
उपनाम : गौ रक्षा देवता, ऊँटो के देवता, प्लेग रक्षक देवता, लक्ष्मण के अवतार, वचन पुरुष देवता, अछुतोद्धारक देवता

- पाबूजी को ''लक्ष्मण जी का अवतार'' माना जाता है ।
- पाबूजी के मेले मे 'थाली' नृत्य किया जाता है ।
- पाबूजी प्लैग रक्षक एवं ऊंटो के देवता है ।
- राजस्थान में सर्वप्रथम ऊंट लाने का श्रेय पाबूजी को दिया जाता है ।
- देवल नामक चारण महिला की गायों की रक्षा के लिए चार फेरे लेकर बीच में उठकर आ गये थे अतः पश्चिमी राजस्थान में आज भी शादी मे चार फेरे लिये जाते है । ''देचू गाँव (जोधपुर)'' में ''जींदराव खींची'' के खिलाफ लडते हुये मारे गये थे ।
- चाँदा व डामा नामक 2 भील भाई इनके सहयोगी
- थें ।
- राईका/रैबारी/देवासी (ऊँट पालने वाली जाति) पाबूजी को अपना प्रमुख देवता मानते हैं ।
- पाबूजी को ''प्लेग रक्षक देवता'' भी कहा जाता है ।
- कोलूमण्ड (जोधपुर) में ''चैत्र अमवस्या'' (होली के 15 दिन बाद) को पाबूजी का मेला
- पाबूजी की फड ''सबसे लोकप्रिय फड है ।'' भील जाति के भोपे इसे रावणहत्था वाद्य यंत्र के साथ गाते है
- पाबूजी बाईं ओर झुकी हुई पाग के लिए प्रसिद्ध है ।
- पाबूजी की पूजा हाथ भाला लिए हुए अश्वारोही के रूप में होती है ।
- थोरी जाति के लोग सारंगी द्वारा पाबूजी का यश गाते है । जिसे ''पाबू धणी री वाचना'' कहते है ।

- पाबूजी ने 7 थोरी (जाति) भाइयों को शरण दी थी ।
- पाबूजी के पवाडे (भजन) रेबारी जाति के लोग (किसी वीर पुरूष की याद में गाये जाने वाले) माट (बडे मटके की तरह का) वाद्य यंत्र के साथ गाये जाते हैं ।
- आशिया मोडजी की पुस्तक – "पाबू प्रकाश"

2. रामदेवजीः (रामदेवजी तँवर)

जन्म स्थान – उण्डू काश्मीर (बाडमेर)
पिता – अजमाल जी
माता – मैणादे
पत्नी – नेतल दे (अमरकोट की राजकुमारी)
गुरू – बालीनाथ जी
मन्दिर – रूणीचा (रामदेवरा) (जैसलमेर), छोटा रामदेवरा (गुजरात), मसूरिया (जोधपुर), बराठिया (अजमेर), सुरताखेडा (चित्तौड), राजस्थान को छोटा रामदेवरा (अजमेर)
उपनाम – पीरों के पीर, रामसापीर, रुणेचा रा धणी, साम्प्रदायिकता के देवता, कृष्ण के अवतार

- रामदेवजी का जन्म विक्रमी संवत 1409 से 1462 के मध्य माना जाता है । उनका जन्म भाद्रपद शुक्ल द्वितीया को हुआ था जिसे "बाबा री बीज" कहते है । इस जम्मा भी कहते है ।
- रामदेवजी को राव मल्लीनाथ ने पोकरण की जागीर दी थी । जो रामदेव जी ने अपनी भतीजी के विवाह मे जगमाल मालावत के पुत्र हमीर को दहेज मे दे दी ।
- विक्रमी संवत 1515 को इन्होने रामसरोवर (रूणीचा) में जीवित समाधि ले ली थी ।
- रामदेवजी के चमत्कारों को "परचा" कहा जाता है । इन्होने मक्का के पांच पीरों को परचा दिया था । अतः मुस्लिम समाज में "रामसापीर" कहलाये ।
- हरजी भाटी इनके प्रमुख सहयोगी थे ।
- डालीबाई इनकी अनन्य मेघवाल भक्त थी । जिसने रामदेवजी से एक दिन पूर्व रूणीचा में सामाधि दी ।
- रामदेव जी एक मात्र लोक देवता है । जो कवि थे । रामदेव जी पुस्तक – "चौबीस बाणियाँ" है ।
- रामदेवजी ने "कामडिया पंथ" की शुरूआत की थी ।
- कामडिया पंथ की महिलाओं द्वारा "तेरहताली नृत्य" किया जाता है ।
- "भाद्रपद शुक्ल एकादशी" को रामदेव जी ने जीवित समाधि ली थी ।
- भाद्रपद शुक्ल द्वितीया से लेकर एकादशी तक विशाल मेला भरता है ।
- रामदेवजी के मन्दिर में "पगल्या" पूजे जाते हैं ।
- नेजा – रामदेवजी का झण्डा (पचरंगा) (नेजा = झण्डा)
- लीलों – रामदेवजी के घोडे का नाम (लीला = घोडा)
- जम्मा – रामदेवजी के जागरण
- रामदेव जी कृष्ण एवं विष्णु के अवतार माने जाते है । ये संप्रदायिक सौहार्द एवं सदभाव के देवता है ।
- रामदेव जी छुआछूत एवं भेदभाव मिटाने वाले देवता माने जाते है ।
- रामदेव जी ने भैरव राक्षस का अंत किया था ।
- रामदेव जी के पुजारी तंवर जाति के राजपूत होते है ।
- "रिखियां" – रामदेवजी के मेघवाल जाति के भक्त को कहा जाता है । ये रिखियां जो भजन गाते है उन्हें "ब्यावले" कहा जाता है ।
- सोने या चांदी के पात्र पर रामदेव जी का चित्र खुदवाकर जो लोग गले मे पहनते है उसे "फूल" कहते है ।

3. गोगाजी : (गोगाजी चौहान)

जन्मस्थान : ददरेवा (चुरू) 1003 विक्रमी संवत ।
पिता का नाम : जेवर
माता का नाम : बाछल
पत्नी : केलमदे (जोधपुर)
सरियल (UP)
उपनाम : गोगापीर, जिन्दापीर, साँपो का देवता, गौरक्षक
गुरु : गोरखनाथ

- यह मुहम्मद गजनवी व गौरखनाथ के समकालीन थे ।
- उनका अपने मौसेरे भाई अर्जन – सर्जन के साथ सम्पति का विवाद चल रहा था ।
- अर्जन – सर्जन मुस्लिम सेना लेकर आये और गोगाजी की गायों को घेर लिया अतः – अपने मौसेरे भाईयों अर्जन–सर्जन के खिलाफ गायों की रक्षा करते हुये मारे गये थे ।
- गोगाजी ने महमूद गजनवी के साथ युद्ध किया था तथा गजनवी ने इन्हें "जाहिर पीर" (साक्षात देवता) कहा था ।
- ददरेवा के मन्दिर को "शीर्ष मेडी" (सिर कट कर गिरा था) (चुरू) तथा
- गोगामेडी (हनुमानगढ) के मन्दिर को "धुर मेडी" (धड कट कर गिरा था)
- गोगामेडी (हनुमानगढ) में 11 महीने पूजा चामल जाति के मुस्लिम तथा 1 माह हिन्दू व मुसलमान दोनों मिलकर पूजा करते हैं ।
- "सर्प रक्षक देवता" के रूप में पूजे जाते हैं ।

- गोगाजी के मन्दिर खेजडी के नीचे बनाये जाते हैं । (गोगाजी के मन्दिर को मेडी कहते हैं ।)
- भाद्रपद कृष्ण नवमी को गोगाजी का विशाल मेला लगता है ।
- गोगाजी की सवारी नीली घोडी है । जिसे ''गोगा बापा'' कहा जाता है ।
- हिन्दू ''नागराज'' एवं मुस्लिम ''गोगा पीर'' की पूजा रूप मे पूजा करते है । गोगाजी की पूजा भाला लिए हुए योद्धा के रूप में की जाती है ।
- गोगा जी के मंदिर खेजडी वृक्ष के नीचे होते है ।
- गोगामेडी का मन्दिर ''मकबरा शैली'' में बना हुआ है ।
- मन्दिर में ''बिस्मिल्लाह लिखा'' हुआ है ।
- खिलेरियों की ढाणी (सांचौर, जालौर) में गोगाजी की ओल्डी (छोटा मन्दिर) बनी हुई है ।

4. हडबूजी सांखला

पिता – मेहा जी सांखला
जन्म – भूडेल, नागौर
गुरू – बालकनाथ
मेला – भाद्रपद शुक्ल पक्ष
उपनाम – बाल ब्रह्मचारी, वीर योद्धा, गौ रक्षक देवता
शकुन शास्त्र के ज्ञाता

- पिता की मृत्यु के बाद भूडेल छोडकर हरभमजाल में आकर रहने लगे ।
- रामदेव जी की प्रेरणा से संत बने ।
- ये रामदेवजी के मौसेरे भाई थे ।
- इन्होंने जोधा को मण्डोर जीतने का आशीर्वाद दिया था तथा उसे एक कटार भेंट की थी । मण्डोर जीतने के बाद जोधा ने इन्हें बेंगटी (जोधपुर) गाँव दिया जहाँ पर ये बूढी तथा विकलांग गायों की सेवा करते थे । बेंगटी (जोधपुर) मे इनका मुख्य मंदिर है । बावनी जागीर भेंट की ।
- जोधपुर महाराजा अजीतसिंह ने यहाँ मन्दिर का निर्माण करवाया । मन्दिर में ''हडबूजी की बैलगाडी की पूजा'' की जाती है ।
- हडबूजी का वाहन – ''सियार''
- हडबूजी ''शकुनशास्त्र (भविष्य वक्ता)'' के ज्ञाता थे ।

5. मेहाजी मांगलिया

- राव चूंडा के समकालीन थे ।
- पालन-पोषण – नैनीहाल मे मांगलिया गोत्र में हुआ था । अतः मांगलिया मेहाजी के नाम से प्रसिद्ध हुए ।
- मुख्य मंदिर : बापीणी (जोधपुर)
- जैसलमेर के ''राणगदेव भाटी'' के खिलाफ युद्ध में मारे गये थे ।
- इनके घोडे का नाम : किरड काबरा
- इनके भोपों के वंश वृद्धि नहीं होती है । ये सन्तान को गोद लेकर वंश आगे बढते है ।
- इनका मेला भाद्रपद कृष्ण जन्माष्टमी को लगता है ।

6. तेजाजी

- जन्म – माघ शुक्ल चतुर्दशी 1073 ई. में
- खरनाल (नागौर) में एक जाट परिवार में जन्म हुआ था ।
- पिता – ताहड जी
- माता – रामकुंवरी
- पत्नी – पेमल दे
- घोडी – लीलण/सिणगारी
- घोडला – पुजारी (यह साँप काटे व्यक्ति का जहर मुँह से चूसकर निकालता है।)
- उपनाम – नागों के देवता, गौरक्षक देवता, धोल्या वीर, काला-बाला के देवता, कृषि उपकारक देवता

तेजाजी के आराध्य स्थल

पनेर (अजमेर) – तेजाजी का पुजारी माली जाति का होता है ।

ब्यावर (अजमेर) – यहाँ तेजा चौक स्थित है ।

भावता (अजमेर) – यहाँ गोमूत्र से साँप काटे व्यक्ति का इलाज होता है ।

- तेजाजी अपनी पत्नी को लाने अपने ससुराल पनेर (अजमेर) जा रहे थें ।
- ''सुरसुरा (अजमेर)'' नामक गाँव में लाछा नामक गुर्जर महिला की गायों को बचाते हुऐ घायल हुये तथा एक साँप के काटने से इनकी मृत्यु हो गई थी । इनके साथ उनकी पत्नि पेमल भी सती हो गई थी ।
- खरनाल मे तेजाजी का मंदिर है जिसे थान कहा जाता है ।
- जोधपुर महाराजा अभयसिंह के समय परबतसर (नागौर) में तेजाजी का मन्दिर बनवाया गया ।
- भाद्रपद शुक्ल दशमी को परबतसर में विशाल पशु मेला लगता है ।
- तेजाजी ''सर्परक्षक देवता'' एवं कुत्ते के काटे हए का ईलाज किया जाता है ।
- इन्हें ''काला-बाला का देवता'' भी कहा जाता है ।
- गोगा जी को धोलिया वीर कहा जाता है ।

- गोगा जी को तलवार धारण किये हुये घोडे पर सवार योद्धा के रूप मे दर्शाया गया है । जिनकी जीभ को सर्प डस रहा है ।
- गोगा जी को डसने वाले नाग का नाम "बासक" था । गोगा जी के भोपा को घोडला कहा जाता है ।
- ऐसी मान्यता है कि सर्प दंशित व्यक्ति के दांये पैर मे तेजाजी की तांत (डोरी) बांध दी जाये तो विष नही चढता ।
- "हल जोतते समय" किसान "तेजाजी का गीत" गाता है ।
- 2010 में तेजाजी पर डाक टिकट जारी किया गया ।
- तेजाजी की बहिन डुंगरी माता का मन्दिर खडनाल (नागौर) में बना हुआ है ।

7. देवनारायण जी

- जन्म स्थान : आसीन्द (भीलवाडा)
- 1243 ई. में इनका जन्म बगडावत गुर्जर परिवार में हुआ था ।
- पिता : "सवाई भोज"
- माता का नाम – सेढू बाई
- पत्नि – पीपल दे (धार नरेश जय सिंह की पुत्री)
- बचपन का नाम – उदय सिंह
- भिनाय के ठाकुर को मारकर अपने पिता व भाइयों की हत्या का बदला लिया ।
- इन्हें (देवनारायण जी) "विष्णु भगवान का अवतार" माना जाता है ।
- इन्हें "औषधि का देवता" कहा जाता है ।
- आसीन्द (भीलवाडा) व देवमाली (अजमेर) इनके मुख्य मंदिर है ।
- इनके मन्दिर में नीम के पत्ते चढाये जातें है ।
- इनके मन्दिर में मूर्ति नहीं होती बल्कि ईंटो की पूजा की जाती है ।
- मेला : "भाद्रपद शुक्ल सप्तमी"
- देवनारायण की फड सबसे बडी व सबसे छोटी फड है ।
- वर्तमान मे जर्मनी के म्यूजियम मे रखी हुई है ।
- यह "जन्तर वाद्य यंत्र" के साथ गुर्जर जाति के भोपें गाते है ।
- 1992 में इस फड पर डाक टिकट जारी हो चुका है । यह राजस्थान के पहले लोक देवता है जिन पर 2011 में 5 रूपये का डाक टिकट जारी हुआ है ।
- उनके घोडे का नाम "लीलागर" था ।

मुख्य मन्दिर :
1. आसीन्द (भीलवाडा)
2. जोधपुरिया (टोंक)
3. देवमाली (अजमेर)

8. देवबाबा

- मुख्य मन्दिर : नगला जहाज (भरतपुर)
- देवबाबा पशु चिकित्सक थें ।
- इन्हें खुश करने के लिए 7 ग्वालों को भोजन करवाना पडता है ।
- देवबाबा की सवारी भैंसा है ।

मेले

- भाद्रपद शुक्ल पंचमी (ऋषि पंचमी के दिन)
- चैत्र शुक्ल पंचमी

9. मल्लीनाथ जी

जन्म – 1358
पिता – राव तीडा (मलखा)
माता – जीणादे
पत्नि – रूपलदे
गुरू – उगम सी

- पालन-पोषण – महेवा के शासक कान्हड देव (चाचा) ने किया ।
- ये "मारवाड के राठौड राजा" थे । मेवा नगर को अपनी राजधानी बनाया ।
- इन्होने राव चूंडा को मारवाड व नागौर जीतने मे सहायता की ।
- मुख्य मन्दिर : तिलवाडा (बाडमेर)
- यहाँ पर चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ली एकादशी तक विशाल मेला लगता है । जहां 15 दिन का "मल्लीनाथ पशु मेला" होता है ।
- इनके नाम पर बाडमेर क्षेत्र का नाम मालानी पडा ।
- मलाणी नस्ल के घोडों का क्रय-विक्रय
- मल्लीनाथ जी "भविष्य दृष्टा" एवं चमत्कारी पुरूष थे ।
- इनकी रानी रूपा दे का मन्दिर मायाजाल (बाडमेर) में है ।
- उगमडी भाटी से योग साधना की दीक्षा ग्रहण की ।

10. तल्लीनाथ जी

मूल नाम – गांगदेव राठौड, जन्म – 1544 ई.
पिता का नाम – वीरमदेव

- ये "शेरगढ (जोधपुर)" के राजा थे ।
- इनके गुरू : जालन्धर नाथ
- मुख्य मंदिर : पांचोटा (जालौर)

राजस्थान की जनजातियाँ

राजस्थान का जनजातियों की जनसंख्या की दृष्टि से भारत में 6 वां स्थान है ।
प्रथम – एम.पी
द्वितीय – महाराष्ट्र
तृतीय – उडीसा
चतुर्थ – बिहार
पंचम – गुजरात

राजस्थान में :-

- जनजातियों की सर्वाधिक जनसंख्या – उदयपुर
- जनजातियों का सर्वाधिक प्रतिशत – बाँसवाडा
- जनजातियों की न्यूनतम प्रतिशत – नागौर
- जनजातियों की न्यूनतम जनसंख्या–बीकानेर

1. कंजर

- कंजर शब्द ''काननचर'' से उत्पन्न हुआ है ।
- कंजर जनजाति अधिकतर ''हाडौती क्षेत्र'' में निवास करती है ।
- 1974 में चाँचेडा रशीद अहमद पहाडी द्वारा प्रसिद्धि दिलायी ।
- इनके मुखिया का पटेल कहा जाता है ।
- इनके घरों के पीछे खिडकियां अनिवार्य होती है ।
- मोर का मांस इन्हे प्रिय है ।
- आराध्य देवता – हनुमान जी
- आराध्य देवी – चौथ माता
- शव का दफनाते है ।
- मरणासन्न व्यक्ति के मुंह में शराब डाली जाती है ।
- महिलाएं चकरी नृत्य करती है ।
- नृत्य के समय जो पायजामा पहनती है उसे ''खुशनी'' कहा जाता है ।
- कंजर जनजाति का मुख्य व्यवसाय चोरी करना
- चोरी करने से पहले देवताओं से आर्शीवाद लेते है । इसे ''पाती माँगना'' कहते है ।
- हाकम राजा का प्याला पीकर कंजर कवि झूठ नही बोलते ।

मुख्य देवता

1. 'जोगणिया माता'– ''कंजरो की कुलदेवी''
2. चौथ माता
3. रक्तदंडी माता
4. हनुमान जी

2. कथौडी

- मूल रूप से महाराष्ट्र की जनजाति है ।
- राजस्थान के उदयपुर जिले में अधिक निवास करती है ।
- ये लोग खैर के पेड से कत्था प्राप्त करते थे इसलिए इन्हें कथौडी कहा जाता है ।
- ये शव को दफनाते है ।
- कथौडी दूध नहीं पीते ये शराब अधिक पीते है ।
- महिलाये भी साथ में शराब पीती है ।
- ये लोग ''बंदर का माँस'' खाते है ।
- महिलाएँ गहने नहीं पहनती है लेकिन ''गोंदना'' बनवाती है ।
- कथौडी महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली साडी ''फडका'' कहलाती है ।
- इनके घरों को खोलरा कहा जाता है ।
- पुरूषों द्वारा मावलिया एवं लावणी नृत्य किया जाता है ।
- दल का नेता 'नायक' कहलाता है ।
- महिलाऐं होली पर होली नृत्य करती है ।
- कथौडी एक संकटग्रस्त (विलुप्तप्राय) जनजाति है जिनके केवल 35–40 परिवार ही बचे है ।
- राजस्थान सरकार इन्हें मनरेगा में 200 दिन का अतिरिक्त रोजगार देती है ।

इनका मुखिया : ''नायक''
मुख्य देवता:
1. डूँगरदेव
2. वाघ देव
3. गम देव
4. भारी माता
5. कंसारी माता

3. डामोर : (डूँगरपुर)

- डूंगरपुर, बांसवाडा और उदयपुर में निवास करती है ।
- एकमात्र जनजाति जो वनों पर आश्रित नहीं है । खेती तथा पशुपालन करते है ।
- अपनी उत्पति राजपूतों से मानते है ।
- इनके मुखिया को ''मुखी'' कहा जाता है ।
- गांव को ''फलां'' कहा जाता है ।
- डूँगरपुर जिले में अधिकतर जनसंख्या निवास करती है ।
- सीमलवाडा पंचायत समिति (डूँगरपुर) को डामरिया क्षेत्र कहा जाता है ।
- डामोर पुरूष एक से अधिक विवाह (बहुविवाह) करते है ।

- वधू मूल्य को ''दापा'' कहा जाता है । (शादी के ऐवज में)
- डामोर पुरूष भी महिलाओं की भाँति गहने पहनते है ।
- डामोर जनजाति की भाषा पर गुजराती भाषा का प्रभाव पडता है ।
- होली के समय ''चाडिया कार्यक्रम'' किया जाता है ।

डामोर जनजाति के मेले :

1. छैला बावजी का मेला – पंचमहल (गुजरात)
2. म्यारस की ऐवडी का मेला – डूँगरपुर

- मुखिया को ''मुखी'' कहा जाता है ।

4. सांसी

- उत्पति सांसमल से मानी जाती है ।
- सबसे अधिक जनसंख्या भरतपुर और झुंझुनू जिले में है ।
- एकमात्र जनजाति जो विधवा विवाह नहीं करती ।
- सांसी जनजाति में 2 उपजाति होती है ।
  1. बीजा
  2. माला
- ''भाखर बावजी'' की कसम खाकर झूठ नहीं बोलते ।
- कूकडी रस्म : विवाह से पहले लडकी के चरित्र की परीक्षा लेते है ।
- सिकोदरी माता इनकी आराध्य देवी है ।

5. गरासिया

सिरोही के आबू, पिण्डवाडा
पाली के बाली → क्षेत्र में अधिक निवास करती है ।

- उदयपुर के गोगुन्दा
- घर घेर कहलाते है ।
- बिखरे गांव पाल कहलाते है ।
- एक ही गांव के फालिया कहलाते है ।
- नक्की झील इनका पवित्र स्थान है यहाँ अस्थियों का विसर्जन करते है ।
- होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को 'चडिया' कहते है ।
- मृत्यु के 12 वें दिन दाह संस्कार करते है ।
- सफेद पशु व मोर को भी पवित्र मानते है ।

इनमें 3 प्रकार की पंचायत होती है ।

1. मोती न्यात ''बाबोर हाइया'' कहलाते है ।
2. मेनकी न्यात ''माडेरिया''
3. निचली न्यात

- इनमें प्रेम विवाह अधिक होते है । सियावा (सिरोही) गाँव के गणगौर मेले में
- झेला बावरी का मेला, म्यारसी की खाडी का मेला

विवाह के प्रकार

1. मोर बंधिया
2. ताणना (पैसे देकर लाना)
3. पहरावणा (कपडो के बदले)
4. मेलवो (मुकलावा करना)
5. खेवणो (शादी शुदा महिला अपने प्रेमीके साथ शादी करें)
6. सेवा

खेवणों : माला विवाह भी कहते है ।
सेवा : घर जवाई बनवाकर (शादी से पहले) काम करवाते है ।
गरासिया महिलाएँ सुन्दर तथा श्रृंगार प्रिय होती है ।
कुंआरी लडकिया लाख का चूडा पहनती है ।
शादी शुदा हाथी दांत का चूडा पहनती है ।
गरासिया पुरूष + भील महिला – भील गरासिया
गरासिया महिला +भील पुरूष – गमेती गरासिया
मुखिया : सहलोत / पालवी
गरासिया जनजाति की सहकारी संस्था –हेलरू
मृतक का स्मारक – हूरे इनकी स्थापना कार्तिक पूर्णिमा को की जाती है ।

- अनाज की कोठियां सोहरा कहलाती है ।
- मृत्यु भोज कांदिया, मेक या मेह ।
- सामूहिक कृषि थावरी या हारी कहलाई जाती है ।
- इनकी शगुन चीडी डुबकी है जिसकी मकर सक्रांति पर पूजा की जाती है ।

मेले :

1. कोटेश्वर मेला – अम्बाजी(गुजरात)
2. चेतर – विचितर मेला – देलवाडा (सिरोही)

6. सहरिया

निवास : किशनगंज, शाहबाद



बारां

- भारत सरकार ने सहरिया जनजाति (राजस्थान की एकमात्र आदिम जनजाति) को आदिम जनजाति का दर्जा दिया है ।
- राजस्थान सरकार मनरेगा में 100 दिन का अतिरिक्त रोजगार
  (अकाल में = 250 दिन)
- 3 प्रकार की पंचायत :
  पंचताई (पाँच गाँव की पंचायत)
  एकदसिया (11 गाँव की)
  चौरासी (84 गाँव की)
- चौरासी गाँव की पंचायत - वाल्मीकि मन्दिर (सीताबाडी) में
- सहरिया जनजाति वाल्मीकि को अपना आदिपुरूष मानती है ।
- सहरिया जनजाति में युगल नृत्य नहीं होता ।
- श्राद्ध नहीं करते
- महिलाऐं टैटू बनवाती है लेकिन पुरूष नहीं बनवा सकते
- दहेज प्रथा नहीं है।
- महिलाऐं घर में घूंघट करती है बाहर नहीं करती है ।
- कुल देवी - कोडिया माता
- तेजाजी व भैरूजी की भी पूजा करते है ।
- लठमार होली खेलते है ।
- मकर संक्रांति पर लकडी के डण्डों से लेंगी नामक खेल खेलते है ।
- दीपावली पर हीड गाते है ।
- वर्षा - ऋतु में आल्हा व लहंगी गाते है ।
- मुखियाः कोतवाल
- इनके गाँव को - सहरोल
- छोटी बस्ती को - सहराणा
- हार को - टापरी
- समान रखने की कोठरी को-कुसिला
- गाँव के बीच सामुदायिक केन्द्र होता है । जिसे ढालिया, हथाई, या बंगला कहते है ।
- पेडों पर घर बना कर रहते है ।
- पेडो पर बने घर को गोपना, टोपा, कोरूआ करते है ।
- "धारी संस्कार"(मृतक का) किया जाता है ।
- सहरिया महिलाएं गोदना गुदवाती है और पुरूषों मे मना है ।
- सहरियों में राय नृत्य प्रसिद्ध है ।
- सामूनी संस्था इनके विकास हेतु प्रयास ।

7. भील

- राजस्थान की सबसे प्राचीन जनजाति
- द्वितीय सबसे बडी जनजाति
  - प्रथम मीणा
  - द्वितीय भील
  - तृतीय गरासिया
- उदयपुर जिले में अधिक
- भील शब्द की उत्पति बील तीर-कमान से हुई है ।
- भील जहाँ रहते है उसको भोमट कहते है ।
- इनके घर को - टापरा
- मोहल्ले को - फला
- गाँव को - पाल
- गाँव का मुखिया - पालवी / तदवी
- पूरी भील जनजाति का मुखिया - गमेती
- कुल देवता - टोटम
  (पेड - पौधों का टोटम का प्रतीक मानते है ।)
  पेड-पौधों को साक्षी मानकर विवाह कर लेते है । इसे "हाथीवेण्डो विवाह" कहते है ।
- भील पुरूष हाथीमना नृत्य करते है । (यह नृत्य बैठकर किया जाता है ।)
- होली के दूसरे दिन गैर नृत्य किया जाता है ।
- गौरी भीलों का प्रसिद्ध नृत्य है ।
- बाल-विवाह नहीं होता ।
- विवाह के समय दुल्हा ससुराल में "भराडी माता" विवाह की देवी का चित्र बनाता है ।
- तलाक -"छेडा फाडना"
- यदि कोई महिला अपने पति को छोडकर अन्य पुरूष के साथ रहने लग जाती है तो वह पुरूष उसके पहले पति को "झगडा राशि" देता है ।
- केसरिया नाथ जी की केसर पीकर भील झूठ नहीं बोलते । विवाह पर हिचकी नृत्य करते है ।
- महुआ (पौधे) से बनी शराब पीते है ।
- स्थानान्तरित खेती करते है -"वालरा"
  1. पहाडी में - चिमाता
  2. समतल मैदान में - दजिया
- भीलों द्वारा सामुहिक कोई भी कार्य - "हेलमों"
- रणघोष - "फायरे-फायरे"
- यदि कोई भील किसी घुडसवार सैनिक को मार देता - "पाखरिया" (भील को)
- रक्त मूल्य - मौताणा (किसी के मरने पर)